## नये वर्ष का जश्न मनाने हर किसी का रहा अपना अंदाज, मंदिर में पूजन अर्चन तो कहीं गूंजे भजन कीर्तन

# पार्कों, पर्यटन स्थलों में रही भीड़, मंदिरों में टेका माथा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गुरूवार को जिले भर में नये वर्ष का सेलीब्रेट लोगों ने अपने-अपने तरीके से किया एवं जश्न मनाया। मंदिरों में भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लेने लोगों का सुबह से ही तांता लगा रहा। मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजनों का कार्यक्रम चलता रहा। कहीं हवन-पूजन तो कहीं रामायण-भजन चलते रहे। कई मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया। नये साल पर युवा टोलियों ने जमकर मौज-मस्ती की। दिन भर पार्कों व पिकनिक स्पाटो पर चहल-पहल बनी रही। नगर के पार्कों में सबसे ज्यादा भीड़ नजर आई। नगर के आक्सीजन टेंक जाग्रति पार्क में बच्चों से लेकर युवा व महिलाओं ने जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों ने झूला और घिसलपट्टी का आनंद लिया। नये साल में स्कूलों में शीतलकाल अवकाश होने से बच्चों ने भी जमकर लुत्फ उठाया। नये वर्ष को सेलीब्रेट करने के लिए कोई परिवार सहित घूमने के लिए निकला तो किसी ने धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना की और पिकनिक का आनंद उठाया। न्यू ईयर को लेकर सामूहिक आयोजन भी हुए। दोस्तों एवं रिश्तेदारों के साथ पिकनिक में जाकर सहभोज का आनंद लिया। युवाओं ने दोस्तों संग जमकर सेलीब्रेट किया। होटलों, रेस्टारेंटों व ढाबों में भी लोगों ने एंजाय किया। बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अच्छी चहल पहल भी रही। लोगों ने खूब इंज्वाय किया। नए साल का पहले दिन लोगों ने पिकनिक स्पॉट और देवालयों में पहुंचकर नए साल को सेलीब्रेट किया। इसके अलावा विजयराघवगढ़ के शारदा माता मंदिर, मैहर तथा बांदकपुर के लिए भी लोग निकले।

नये वर्ष में किसी तरह की अप्रिय घटना या वारदात न हो और सुरक्षा व्यवस्था में खलल न पड़े इसके लिए बुधवार की देर शाम से ही पुलिस का सख्त पहरा रहा। यह अच्छी बात रही कि इस बार नववर्ष पर कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। नये वर्ष के जश्न में चोरी-छिपे रात्रि में ही जाम से जाम टकराने का दौर भी चला। देर शाम देशी तथा अंग्रेजी शराब की दुकानों में भीड़ भी देखी गई। हालांकि पुलिस की सख्ती ने सुराप्रेमियों को हुड़दंगी करने की मंशा पर काफी हद तक पानी फिर गया। चौराहे-चौराहे पुलिस तैनात कर दी गई थी।





## रूपनाथ धाम और बांधा मंदिर में सुबह से लगा श्रद्धालुओं का तांता

नये वर्ष पर सुबह से ही मंदिरों, देवालयों में लोगो की भीड़ दर्शन करने उमड़ी। लोगो ने भगवान की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। बहोरीबंद के प्रसिद्ध रुपनाथ धाम मैं अल सुबह से देर शाम तक लोगो की भीड़ उमड़ी। लोगो ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की साथ पर्यटन का भी आंनद लिया।सपरिवार भी लोग पहुँचे। लोगो ने वनभोज का भी आंनद लिया। रुपनाथ मैं नूतन वर्ष मैं मेला जैसा नजारा था। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। वही तिंगवा स्थित शारदा व कालका मंदिर,खडरा स्थित शारदा मन्दिर मे नूतन वर्ष मैं लोगो ने मत्था टेका।

स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे हरिदास ब्रजधाम में व सिंहवाहिनी मन्दिर में अलसुबह से लोग पूजा अर्चना करने पहुँचे। सिंहवाहिनी मन्दिर मैं महिला मंडल के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। वही दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर मैं भी पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा की गई। जगह जगह रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। स्लीमनाबाद तिराहा स्थित बाबागढ़ धाम मे भंडारे का आयोजन किया गया। पं.दिलीप पौराणिक ने बताया कि एकजनवरी को रोहणी नक्षत्र के साथ-साथ रवि योग का संयोग रहा।

लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर मे नूतन वर्ष का उमंग भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नूतन वर्ष के अवसर पर लोगो का अलसुबह से देर शाम तक मंदिर पहुँचने का सिलसिला चलता रहा। लोगो ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। दिनभर मंदिर मे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए।प्रातः 11 बजे भजन मंडल कटनी के द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी गई। दिनभर मंदिर में भंडारे का आयोजन चला ,जहां मंदिर आ रहे लोगो को प्रसाद वितरण किया गया।

### पुलिस रही सक्रिय

नये वर्ष मे किसी भी प्रकार का खलल न हो इसके लिए स्लीमनाबाद पुलिस अलर्ट मोड़ पर रही। क्षेत्र मे शराबखोरी व शोरशराबा पर पुलिस की पैनी नजर रही। रात भर पुलिस के द्वारा पेट्रोलिंग की गईं। स्लीमनाबाद मे हाइवे मे संचालित ढाबा व होटलों को रात 10 बजे ही पुलिस के द्वारा बंद करा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### वीरासन देवी और महादेवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**सिलौंडी।** नव वर्ष 2026 के प्रथम दिन सिलौंडी क्षेत्र के सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लग गईं। क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध देवी दरबार मां वीरासन कचनारी और महादेवी मंदिर दशरमन में सुबह से ही भक्त की लंबी लाइन लग गई। कटनी के अलावा आस पास के जिलों के भक्तों ने आकर मां वीरासन देवी का पूजन अर्चन किया। नव वर्ष में हर साल तीन दिवसीय मेला मां वीरासन देवी मंदिर में लगता है जिसकी शुरुवात भी हो गई। लोगों ने अपने परिवार सहित मां वीरासन देवी और महादेवी मंदिर का दर्शन पूजन अर्चन किया। सिलौंडी में भी बालाजी मंदिर, श्रीराम मंदिर, श्रीराम बाग, बड़ी मढिया, छोटी मढिया, बड़े हनुमानजी मंदिर, छोटे हनुमान मंदिर, जैन मंदिर सहित सभी मंदिरों में बच्चो बुजुर्ग महिलाओं ने नव वर्ष 2026 पर दर्शन कर पुण्य लाभ लिया।

### प्रतिष्ठान संचालक पर 20 हजार का जुर्माना

**कटनी।** न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नीलांबर मिश्रा ने अमानक दही के विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये प्रतिष्ठान संचालक पर 20 हजार रुपये का आर्थिक दण्ड लगाया गया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में अर्जित अनुचित लाभ एवं उल्लंघन की पुनरावृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए श्री सांई प्रकाश सलूजा पिता स्व. राज सिंह सलूजा फर्म पंजाब डेयरी, विश्राम बाबा वार्ड, सुधार न्यास कॉलोनी को अमानक एवं मिथ्याछाप दही का संग्रहण एवं विक्रय करने पर 20 हजार रूपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है। अनावेदक को अर्थदंड की राशि में 30 दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति इस न्यायालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। राशि जमा न करने की दशा में लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि की वसूली की जावेगी।

### समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर आज

**कटनी।** नगर निगम कटनी कार्यालय में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, परिवार कल्याण निधि, ई.पी.एफ, ई.एस.आई.सी, जी.पी.एफ, एन.पी.एस, यू.ए.एन तथा विधि संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शुक्रवार 2 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में शिविर का आयोजन किया गया है। उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा इस संबंध में एक आदेश जारी करते हुए कर्मचारियों की उक्त विषयों से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु प्रभारी अधिकारी मुख्य स्थापना, स्वास्थ्य स्थापना, लेखा शाखा, विधि शाखा एवं सी.एल.सी प्रबंधक को शिविर में विभागीय लिपिकों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम की इस पहल से वर्तमान एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को बड़ी सुविधा मिलने के साथ-साथ लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की प्रक्रिया भी सुदृढ़ होगी।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम कार्यालय कटनी में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शुक्रवार 2 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से शिविर का आयोजन कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के माध्यम से किया गया है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि शिविर हेतु मेडिकल विशेषज्ञ डॉ अमित प्यासी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ श्रद्धा द्विवेदी एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ निष्ठा पटेल चिकित्सकों की टीमों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आवश्यक दवाइयों एवं उपकरण के साथ शिविर में मौजूद रहेंगी। निगम के अधिकारी कर्मचारियों से शिविर का लाभ प्राप्त करने अपील की गई है।

# वेयर हाउस से 42 बोरी सरकारी धान चुराने वाले पांच आरोपित हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में बड़वारा पुलिस ने सरकारी धान चोरी के मामले का खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किया गया माल और घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन भी बरामद कर लिया है। दिनांक 31 दिसंबर 2025 को फरियादी अमित तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 दिसंबर की रात ग्राम अमाड़ी स्थित 'आरो वेयर हाउस' शासकीय धान खरीदी केंद्र से अज्ञात चोरों ने 42 बोरी धान कीमत लगभग 40,000 रुपये पार कर दी थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 303(2) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के.के. पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर 4 मुख्य आरोपियों को पकड़ा।



पूछताछ में खुलासा हुआ कि इन्होंने चोरी की धान एक अन्य व्यक्ति को बेची थी।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपितों में अर्जुन कुशवाहा 20 वर्ष, प्रेमचंद कुशवाहा 37 वर्ष , लाल गोविंद कुशवाहा 25 वर्ष, पिंटू सेन 28 वर्ष, आशीष शर्मा 33 वर्ष (खरीददार) सभी निवासी मझगवां के हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई धान बरामद कर ली है। साथ ही चोरी में इस्तेमाल किया गया पिकअप वाहन MP 21 G 3258 भी जब्त कर लिया गया है।

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश

# इंदौर की घटना के बाद पाइपलाइन सुधार, जल सैंपलिंग सहित सतत निगरानी के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना को गंभीरता से लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नागरिकों को केवल स्वच्छ, सुरक्षित एवं मानक अनुरूप पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जलापूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश जलकार्य शाखा को दिए है।

जल कार्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन जलापूर्ति की स्थिति की समीक्षा की जाए तथा पेयजल से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को पूर्णतः चाक-चौबंद रखा जाए, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा स्वास्थ्यगत जोखिम उत्पन्न न हो।

### प्राथमिकता से करें पाइपलाइन सुधार कार्य

महापौर एवं निगमायुक्त ने नगर के समस्त वार्डों सहित विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां सीवर कार्य के कारण गंदे पानी, पाइपलाइन लीकेज अथवा दूषित जलापूर्ति की शिकायतें प्राप्त हुई थी को चिन्हित कर लीकेज पाए जाने पर पेयजल पाइपलाइन के सुधार, मरम्मत एवं आवश्यक प्रतिस्थापन कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने तथा शुद्ध पेयजल आपूर्ति में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं करने के निर्देश दिए हैं। जिस पर विभाग द्वारा प्राथमिकता से कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है।

### सेंपल लेकर जांचें गुणवत्ता

इंदौर की घटना से प्राप्त अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम की जल कार्य विभाग की टीम को नगर के विभिन्न क्षेत्रों से पेयजल के नमूने एकत्र करने के निर्देश दिए गए है। वही ओवरहेड टैंकों के साथ-साथ जलापूर्ति के अंतिम छोर तक स्थित उपभोक्ताओं के घरों से भी सैंपल लिए जाकर जहां कहीं भी जल गुणवत्ता में कमी अथवा दूषित होने की आशंका पाई जाती है, वहां तत्काल जलापूर्ति रोककर आवश्यक तकनीकी सुधार, पाइपलाइन परिवर्तन अथवा मरम्मत कार्य कराते हुए अलर्ट मोड पर रहकर नागरिकों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जलकार्य शाखा द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों में पाइप लाइन लीकेज के साथ ही पेयजल की स्पेलिंग का कार्य प्राथमिकता से प्रारंभ कर दिया गया है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी पाइपलाइन लीकेज, गंदे पानी अथवा जलापूर्ति में किसी प्रकार की अनियमितता परिलक्षित हो, तो तत्काल नगर निगम कार्यालय अथवा संबंधित जोन कार्यालय में सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## गहोई वैश्य धर्मशाला में सम्मान समारोह आयोजित

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 56 छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गहोई समाज का शिक्षा के क्षेत्र में कार्यक्रम मेद्यावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन विगत दिवस गहोई धर्मशाला में गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विक्रम छिरौल्या वित्तीय सलाहकार म0प्र शासन कार्यक्रम अध्यक्ष डा0 मानसी कस्तवार विशिष्ट अतिथि, श्रेय गंधी गहोई समाज कटनी के सरपंच डा0 हजारी लाल नौगरहिया एंव ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष कमलेष सुहाने के आतिथ्य मे दीप प्रज्जवल के साथ प्रारंभ हुआ। प्रथम चरण में सभी अतिथियों की स्वागत श्रंखला में ट्रस्ट कमेटी सहित समाज की सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष कमलेष सुहाने द्वारा ट्रस्ट के कार्या,संचालित योजनाओं एंव आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुये समाज के सम्मुख रखा ट्रस्ट सचिव राकेष सुहाने द्वारा प्रस्तुत करते हुये छात्रवृत्ति योजना एंव वित्तीय लेखा की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद कस्तोर द्वारा बताया गया इस वर्ष 56 छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिये सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्र-छात्राओं की संख्या 21 जबकि छात्राओं की संख्या 35 रही मंचासीन अतिथियों द्वारा उदबोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम,समय बद्धता असफलता से न घबराते हुये सफलता हासिल करना आदि मूलमंत्रो से प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम के तृतीय चरण में गरिमामयी मंच द्वारा 56 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रथम एंव प्रोत्साहन में पदक ,पुरुस्कार एंव सौजन्य पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। षिक्षा के क्षेत्र में कार्यक्रम का सर्वोच्च पुरुस्कार गहोई गौरव डा0 सौरभ लहारिया एंव गहोई प्रतिभा का पुरुस्कार देव जलौन्हा को प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सेवानिवृत शिक्षक संतोष कुमार त्रिसोलिया षिक्षिका श्रीमति राजो सेठिया का सम्मान किया।

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 9 जनवरी तक करा लें स्लॉट बुक

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें अपनी उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय के लिए उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर ही स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी। इसे देखते हुये जिले के सभी किसानों से 9 जनवरी तक धान विक्रय के लिए अपना स्लॉट बुक करने कहा गया है। किसानों को स्लॉट बुकिंग में यदि कोई समस्या आ रही हो तो वे उन समस्याओं के निराकरण के लिये खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से उनके मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# अलाव एवं रैन बसेरा में व्यवस्थाओं का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ठंड को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर के विभिन्न स्थलों पर अलाव की व्यवस्था के साथ ही बस स्टैंड रैन बसेरा की व्यवस्थाएं निरंतर जारी रखी गई हैं। नगर के रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, माधवनगर गेट हनुमान मंदिर के पास, जगन्नाथ चैक, कमानिया गेट गली सहित प्रमुख चैराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं जरूरतमंदों की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे ठंड से राहत मिल सके।

नगर निगम के विभागीय अधिकारी एवं संबंधित अमला नियमित रूप से अलाव स्थलों एवं रैन बसेरा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। रैन बसेरा प्रभारी एवं राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा विगत रात्रि रैन बसेरा पहुंचकर वहां उपलब्ध गर्म कपडों गद्दे, रजाई, कंबल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, संधारित रजिस्टर तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया। निगम प्रशासन द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति राहत से वंचित न रहे। रैन बसेरा में रुकने वाले नागरिकों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ नियमित मॉनिटरिंग कर कमियों का त्वरित निराकरण किया जाए। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि नगर में कहीं भी खुले आसमान के नीचे जरूरतमंद नागरिक दिखाई दे तो नगर निगम को सूचित करें।

## खबर संक्षेप



### सीताराम कीर्तन, शोभायात्रा और भंडारे का आयोजन

**सिलौंडी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरी वर्ष गांठ के अवसर पर दामोदर दास के पावन सानिध्य में पंचमुखी सेवा न्यास और ग्राम वासियों के सहयोग से सिलौंडी के श्री पंचमुखी दरबार में 24 घंटे का सीताराम कीर्तन और विशाल शोभायात्रा और कन्या भोज भंडारा हुआ । 24 घंटे सीता राम संकीर्तन के बाद श्री पंचमुखी दरबार से विशाल शोभायात्रा शुरू हुई जिसमें श्री राम, जानकी, लखन जी और हनुमान जी की झांकी के साथ डीजे ढोल नगाड़े के साथ हजारों भक्त के साथ पूरे गांव भ्रमण किया। शिव चौक में सार्वजिक शिव चौक समिति ने भगवान श्रीराम जानकी पर पुष्प वर्षा कर सभी भक्तों को पोहा का प्रसाद वितरण किया। इसी प्रकार राम मंदिर सिलौंडी में भी भक्तों को हलवा का प्रसाद वितरण हुआ। विशाल शोभायात्रा में पूरे क्षेत्र के भक्त शामिल हुए।

### तेवरी के पुस्तकालय में एकता शिविर आयोजित

**कटनी।** जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल के मार्गदर्शन में विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत तेवरी के स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी द्वारा ग्रामीण युवा एकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में जिला समन्वयक डॉ. केशवाल ने एकता शिविर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण, पौधारोपण, नशा मुक्त अभियान के बारे में जानकारी देते हुये उपस्थित जनों को एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अरविन्द शाह, नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी के सेक्टर प्रभारी रविन्द्रनाथ झारिया, संस्था के अध्यक्ष बसंत जायसवाल, सचिव रामशरण जायसवाल, मृत्युंजय सिंह, बलबीर सिंह ठाकुर, महेन्द्र सिंह, संतोष झारिया, दिनेश झारिया, सुरेन्द्र झारिया, स्वदेश जैन, सुनील हल्दकार, छात्र सभा से छात्र द्विवेन्दु यादव, आदर्श धुर्वे, श्रेयांश गुप्ता, मयंक चौबे, सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

### आदतन अपराधी को 6 माह तक थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने हिरवारा थाना एनकेजे कटनी निवासी सोनू बर्मन पिता काशी प्रसाद बर्मन उम्र 30 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। सोनू बर्मन के विरूद्ध वर्ष 2012 से अब तक कुल 12 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, जातिगत शब्दों से अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, जुआं एवं सट्टा खेलने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा सोनू के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। सोनू द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### 3 लाख की सहायता

**कटनी।** शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्रि सिंह की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से ग्राम देवरी हटाई निवासी आनन्द चक्रवर्ती के चिकित्सा उपचार हेतु तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

## धूप निकलने के बाद भी दिन भर होता है ठंड का अहसास, दिनचर्या भी बदली

# गलन भरी शीतल हवाओं से ठिठुर रहे लोग, बच्चों-वृद्धों व बीमारों की आफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मौसम में तापमान गिरने के साथ जिले में ठंड बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय गलन भरी ठंड से लोग कंपकंपा रहे हैं। दिन में धूप निकलने से थोड़ी राहत जरूर मिल रही है लेकिन ठंडक का अहसास दिन भर बना रहता है। ठंड बढ़ने की वजह से हर वर्ग के लोग सुबह गर्म कपड़ों में दिख रहे हैं। शहर व गांवों के चौक-चौराहों पर लोग कचरा एकत्रित कर आग जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। गर्म कपड़ों की मांग में इजाफा हो गया है। जरूरतमंद लोग खरीदी भी कर रहे हैं। मौसम साफ होने के बाद बीते कुछ दिनों से अब ठंड अधिक पड़ने लगी है।

ठंड शुरू होने के बाद लोगों का दिनचर्या बदल गया। अलसुबह लोग उठ तो रहे हैं, लेकिन गर्म कपड़ों के साथ बाहर निकल रहे हैं। शाम व रात को भी कई जगहों पर अलाव जलने लगा है, ताकि ठंड से राहत मिल सके। वहीं बाहर जाने वाले लोग गर्म कपड़ों के साथ जा रहे हैं। ठंड के मौसम शुरू होने के साथ अलसुबह हल्का कोहरा छाया रहता है।

ठंड शुरू होने के साथ शहर में गर्म कपड़ों का बाजार सजा हुआ है। कपड़ा व्यवसायियों के यहां जैकेट, शाल, कंबल समेत अन्य गर्म कपड़ों की बिकवाली अधिक हैं। नगर के मुडवारा स्टेशन पहुंच मार्ग के बीच गर्म कपड़ों का बाजार लगा हुआ है। इसके अलावा ग्रामीण अंचल में कपड़ा व्यवसायी गर्म कपड़ा का व्यवसाय ज्यादा कर रहे हैं।

### बच्चों एवं वृद्धों पर अधिक प्रभाव

डाक्टरों का कहना है कि अधिक ठंड बढ़ने का नकारात्मक प्रभाव 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनो पर अधिक होता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों पर भी शीत लहर का प्रभाव पड़ता है। ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक-कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों, कान-नाक अथवा पैर की ऊंगलियो में सफेदी या फीकापन, कपकपी आना, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद अना, मांसपेसियो में अकड़न, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, हाईपोथरमिया, अत्पताप जैसे लक्षण सामान्यत पाये जाते है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस तरह के लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार लेने एवं ऊनी कपड़ों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी गई है। शीत लहर के संभावना के समय आवश्यक न हो तो यात्रा नहीं करें। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये सामग्री की व्यवस्था पूर्व से रखे। फस्ट एड की व्यवस्था रखे, हाईपोथरमिया, अत्पताप से बचाव के लिये गरम कपड़े, कम्बल, टावेल, टोपी, मफलर व शीट का उपयोग करे। गरम तरल पेय पदार्थ का उपयोग करें। विटामिन सी युक्त फल एवं सब्जियों का पर्याप्त सेवन करें, ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं शरीर का तापमान संतुलित रहे। नागरिक हीटर, फायर पॉट, कायेला, अंगीठी का इस्तेमाल बंद कमरों में न करे। इससे कार्बन मोनो ऑक्साइड का खतरा होता है, मदिरापान करने से बचे। हाइपोथरमिया, शीत लहर के कारण व्यक्ति यदि गंभीर हालत में हो तो गरम तरल पदार्थ नहीं दे।



## जरूरतमंदों को कंबल व ऊनी वस्त्र किये वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने नववर्ष पर गुरुवार को ग्राम मोहनिया और दूरस्थ ग्राम शाहपुर पहुंच कर बुजुर्गों, गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने हजारों जरूरतमंदों को दोनों गांवों में ठंड से राहत दिलाने के लिए गर्म कंबलों व ऊनी वस्त्रों का वितरण किया ।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार,अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल,एस डी एम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर त्रय प्रदीप कुमार मिश्रा,विंकी सिंहमारे उइके और ज्योति लिल्हारे तहसीलदार अजीत तिवारी,नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह सीईओ जनपद कटनी प्रदीप सिंह ने भी जरूरतमंदो को गरम कंबल, मफलर और ऊनी टोपी,टी - शर्ट, जैकेट,जींस पैंट, लोवर, ट्रेक सूट आदि प्रदान किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचना अत्यंत महत्वपूर्ण है और समाज के हर व्यक्ति को यथासंभव इसमें सहयोग करना चाहिए। चाहे भले ही एक व्यक्ति को ही अपनी क्षमता और हैसियत के अनुसार ठंडी से बचने के लिए गरम कपड़े या कंबल उपलब्ध करायें।ज़रूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना सभी का सामाजिक दायित्व है। सही मायनों में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना ईश्वर की सेवा के समान है।

इस दौरान कलेक्टर श्री तिवारी, जिला पंचायत सीईओ और निगमायुक्त ने शाहपुर के शक्तिधाम सेवा आश्रम में पहुंच कर पवनपुत्र भगवान हनुमानजी का दर्शन,पूजन का पुण्य लाभ अर्जित किया।इस दौरान सरपंच पंकज वर्मा मौजूद रहे।

*तेंदुआ के पकड़े जाने से कई ग्रामों के लोगों ने ली राहत की सांस*

## बालक को शिकार बनाने वाले तेंदुआ को वन अमले ने मशक्कत से बाद पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विजयराघवगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुनौर में 10 वर्षीय बालक राज कोल का शिकार करने वाले तेंदुआ को वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद पिंजरे में कैद कर लिया गया। तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही घुनौर सहित खिरवा नंबर एक, खलैंधा, खेरवा, पथरहटा, सिंगौड़ी, हथेड़ा समेत आसपास के गांवों में फैली दहशत का माहौल समाप्त हुआ और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

गौरतलब है कि बीते मंगलवार को ग्राम घुनौर में तेंदुए ने पहले एक गाय का शिकार किया और उसी दौरान खेल रहे 10 वर्षीय राज कोल पर झपट्टा मारते हुए उसे जबड़े में दबाकर जंगल की ओर ले गया था। ग्रामीणों के शोर-शराबे के बावजूद तेंदुआ घने जंगल में ओझल हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी तलाश के बाद बालक का शव घनी झाड़ियों से बरामद किया गया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया था।

इसके ठीक अगले दिन खिरवा नंबर एक में भी तेंदुए द्वारा बस्ती में घुसकर गाय के बछड़े का शिकार किए जाने की घटना सामने आई, जिससे ग्रामीणों ने बच्चों और परिवारजनों को घरों में ही सुरक्षित रखने का निर्णय लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाई और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए। विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी ओम प्रकाश भलावी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने रणनीति के तहत पिंजरे में बकरा छोड़ा। प्रारंभिक प्रयास में तेंदुआ चकमा देकर निकल गया, लेकिन गुरुवार–शुक्रवार की दरमियानी रात किए गए पुनः प्रयास में तेंदुआ पूरी तरह पिंजरे में कैद हो गया। श्री भलावी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार तेंदुए को मुकुंदपुर सफारी के जंगल में सुरक्षित छोड़ा जाएगा,तेंदुए के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी ओम प्रकाश भलावी सहित पूरी वन विभागीय टीम का आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा की और कहा कि समय रहते की गई कार्रवाई से किसी और अनहोनी को टाल दिया गया।

## सीईओ ने बाल गृह के बच्चों के साथ मनाया नया साल



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर ने आसरा बाल गृह के बच्चों के साथ नव वर्ष मनाया । साथ ही यहां के 7 बच्चों का जन्मदिवस भी केक काटकर मनाया गया। नए वर्ष का पहला दिन आसरा बाल गृह में निवासरत बच्चों के लिए खुशियों भरा रहा। मौका था नूतन वर्ष में आसरा बाल गृह में निवासरत 7 बच्चों सावन, ऋषि ,पवन,रघुवीर बर्मन, संजय कुशवाहा, आर्यन एवं शिवम गोस्वामी के जन्मदिन का। जिसे सभी बच्चों ने मिलकर मनाया।जिसमे जिला पंचायत सीईओ और जिला कार्यक्रम अधिकारी वनश्री कुर्वेती शामिल हुईं।इससे बच्चों के जश्न मनाने की खुशी दोगुनी हो गई । जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने बच्चों के साथ संवाद करते हुए उनकी शिक्षा, दिनचर्या, सह पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं रुचियों के बारे में चर्चा की ।उन्होंने बच्चों से पूछा की आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। बच्चों ने उत्साह के साथ बताया कि वे सैनिक एवं पुलिस अधिकारी बनना चाहते हैं। सुश्री कौर ने बच्चों को बताया कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें, अच्छा पौष्टिक भोजन ग्रहण करें और स्वस्थ्य दिनचर्या अपनायें। नव वर्ष के उपलक्ष्य में आसरा बाल गृह के बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से बनाये रंग- बिरंगे ग्रीटिंग कार्ड भी सुश्री कौर को भेंट किये। साथ ही बच्चों ने मोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी।

## विद्यार्थियों को जैविक खाद एवं कीटनाशक बनाने एवं उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक स्तर पर अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में प्राचार्या डॉक्टर सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर प्रीति नेगी के सहयोग से शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया।

भारत सरकार द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम एवं मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चैन डेवलपमेंट के अंतर्गत विभिन्न घटकों में दिए जा रहे अनुदान की जानकारी संबंधित विभाग से प्राप्त कर जैविक कृषि उत्पादन का प्रमाणीकरण करवा कर उसके विक्रय से अतिरिक्त आमदनी प्राप्त करने की जानकारी दी गई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत खाद्यान्न की कमी से जूझ रहा था। 1960 के दशक में हरित क्रांति आई और रासायनिक खाद कीटनाशकों तथा उन्नत बीजों के प्रयोग ने जबरदस्त वृद्धि की। लेकिन इसके दुष्परिणाम भी सामने आए मिट्टी की उर्वरता में कमी जल प्रदूषण किसानों की लागत में वृद्धि तथा मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण कोनुकसान हुआ। इसके विकल्प में कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग एवं जैविक खेती अपने की जानकारी दी गई ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद एवं कीटनाशकों को बनाकर फसलों में उपयोग करने का तरीका बताया गया जिससे बाजार पर निर्भरता कम हो।

*शासकीय उमावि बंधी स्टेशन के छात्र ने बढ़ाया जिले का गौरव*

## राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर अवॉर्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी के लिए अनुराग का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



नन्हें वैज्ञानिकों की खोज एवं नवाचार को बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष इंस्पायर अवॉर्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है।जिसमें विद्यालय स्तर से चयनित छात्र-छात्राएं ,जिला स्तर, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में अपनी वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार का का प्रदर्शन मॉडल तैयार कर करते हैं। मप्र राज्य स्तरीय इंस्पायर अवॉर्ड मानक प्रदर्शनी 2025 का आयोजन इंदौर में 28 व 29 दिसंबर 2025 हुआ जिसमें मप्र प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 300 छात्र- छात्राओं की टीम अपने अपने मॉडल के साथ सामिल हुए थे जिनमे कटनी जिले से 6 टीमें भी शामिल हुई थी।

### प्रदेश स्तर पर 10वां स्थान

उक्त राज्य स्तरीय इंस्पायर अवॉर्ड प्रदर्शनी में राज्य से 27 छात्र छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया जिसमें कटनी जिला के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन से छात्र अनुराग काक्षी का ना केवल राष्ट्रीय स्तर इंस्पायर अवॉर्ड 2025 हेतु चयन हुआ बल्कि प्रदेश स्तर पर 10वा स्थान प्राप्त कर जिला का मान बढ़ाया है। उक्त प्रदर्शन पर डीईओ के साथ -साथ समस्त शिक्षा विभाग व विद्यालय के छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई दे रहा है । विद्यालय प्राचार्य,समस्त शिक्षक स्टाफ़ ने बधाई दी।

### क्या था मॉडल

छात्र एवं मार्गदर्शक शिक्षक से बात की तो उन्होंने बताया कि- परियोजना रिपोर्ट मैं स्व-चालित ट्रैक्टर टायर सफाई प्रणाली यह परियोजना कृषि और सड़क सुरक्षा के बीच के एक महत्वपूर्ण अंतराल को भरने का प्रयास है। अक्सर देखा जाता है कि खेतों में काम करने के बाद जब ट्रैक्टर मुख्य सड़कों पर आते हैं, तो उनके टायरों में चिपकी हुई गीली मिट्टी सड़क पर गिर जाती है। यह मिट्टी अन्य वाहनों, विशेषकर दोपहिया वाहनों के लिए गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती है। इस समस्या के समाधान हेतु एक 'स्व-चालित टायर सफाई प्रणाली' का मॉडल तैयार किया गया है।

## आरओ एवं मिनरल वॉटर के नाम पर पानी सप्लाई से मोटी कमाई

# बोतलबंद पानी का कारोबार, गुणवत्ता की जांच करने जिम्मेदार हैं बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मिनरल वॉटर के नाम पर सादा पानी बेचने का कारोबार चल रहा है। पानी कितना शुद्ध है और इसकी प्रोसेसिंग किस तरह से हो रही है इसकी जांच करने के लिए विभागीय अधिकारियों के फुर्सत नहीं है। कैम्पर और बोतल बंद पानी का कारोबार जिले में मनमाने तरीके से चल रहा है लेकिन अधिकारी पानी की गुणवत्ता तक की जांच नहीं कर रहे हैं। कई स्थानों से सादा पानी भरकर आरओ और मिनरल वाटर के नाम से बेचा जा रहा है। इस फर्जीवाड़े के जरिए कई मोटी रुपए कमा रहे हैं। गर्मी के दिनों में पानी के नाम पर वारे न्यारे हो जाते हैं।

लाइसेंस लेकर पानी का कारोबार करने वालों के अलावा भी कई जगहों पर पानी की पैकिंग के प्लांट खुल गए हैं। खाद्य विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंडों को खुला उल्लंघन करते हुए मनमाने ढंग से पानी का कारोबार कर रहे ये लोग आम जनता के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल रहे हैं। नियम तो यह भी है कि टैंकर से सप्लाई किया जाने वाला पानी भी पहले जांच के दायरे से गुजारा जाएगा, लेकिन यहां तो टैंकर तो छोड़िए कैम्पर और बोतलबंद पानी की जांच भी नहीं की जाती। सूत्रों की माने तो आरओ के नाम पर कच्चा पानी बर्फ में ठंडा करके बेचा जा रहा है। इसी तरह पानी के पाउच और बोतलों का गोरखधंधा भी तेजी से चल रहा है।

### प्लांट के लिए लेना होता है लायसेंस

पानी के कारोबार के लिए कंपनी के रजिस्ट्रेशन और जमीन आदि की व्यवस्था के बाद मिनरल वाटर प्लांट के लिए लाइसेंस लेना होता है। इसके लिए आवेदन करना होता है। अधिकारी मौके पर जांच करते हैं। पानी का नमूना लेते हैं। फिर अनुमति पत्र देते हैं। यह पत्र जिला खाद्य विभाग के यहां देते हुए आवेदन करना होता है। औषधि प्रशासन विभाग भौतिक जांच के बाद प्लांट का लाइसेंस जारी करता है। स्थानीय स्तर पर भी अनुमति लेना पड़ती हैं।

### बीमार कर सकता है दूषित पानी

चिकित्सकों के अनुसार पानी के यदि गुणवत्ता की सही से जांच नहीं हो रही है और यह दूषित है, तो इस प्रकार का पानी पीने से लोग कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो सकते है। दूषित पानी में अमीबा नामक एक कीटाणू होता है जो आंत में जाकर पेट को खराब कर देता है। इसके अलावा ई-कोलाई से लोग डायरिया का लोग शिकार हो सकते है। पीलिया व टायफाइड भी हो सकता है। साथ ही पाचन क्रिया भी प्रभावित हो सकती है।

### इन प्रक्रियाओं का पालन जरूरी

जानकारी के अनुसार मशीनों से जिस पानी को शुद्ध करके पीने लायक बनाया जाता है उसे आम भाषा में मिनरल वाटर कहते हैं। इस मिनरल वाटर को पैकेजिंग कर मार्केट में बेचा जाता है। यह बिजनेस शुरू करने के लिए पहले एक कंपनी या फर्म बनाई जाती है। कंपनी एक्ट के तहत इसका रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। कंपनी का पैन नंबर और जीएसटी नंबर आदि की भी जरूरत होती है। वाटर प्लांट लगाने के लिए जमीन, बोरिंग, आरओ और चिलर मशीन व कैन आदि रखने के लिए 1000 से 1500 वर्ग फिट जगह होनी चाहिए। पानी के स्टोरेज के लिए टंकियों की भी व्यवस्था हो। शहर के कई स्थानों में पानी की दुकानें सजाकर कारोबार किया जा रहा है। जिस केन से ठंडे पानी की सप्लाई की जाती है, उसमें संस्था का नाम व आईएसआई सर्टिफाइड होने का मार्का लगा होना चाहिए, लेकिन पानी की सप्लाई करने वाले अधिकांश कारोबारियों की केन में इसका उल्लेख नहीं होता। कारोबारियों द्वारा साधारण तौर पर एक केन में सादा पानी भर कर सप्लाई किया जा रहा हैं। स्टेशन पर तो कई कंपनियों का बोतलबंद पानी बिक रहा है। यहां रेट से अधिक में पानी की बोतल बेची जाती हुई मिलीं। इन बोतलों पर ब्रांडेड कंपनियों के लोगो की कॉपी कर मिलते-जुलते नाम की चिट लगा दी जाती है।

## अमानक दही एवं पनीर बेचने पर 15 हजार का लगाया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत रूप से जारी है। जिसमें प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने सहित दांडिक कार्यवाही निरंतर जारी की जा रही है। इसी क्रम मे न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नीलांबर मिश्रा ने अमानक दही व पनीर के विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये प्रतिष्ठान संचालक पर 15 हजार रुपये का आर्थिक दण्ड लगाया गया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में अर्जित अनुचित लाभ एवं उल्लंघन की पुनरावृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए राहुल ठाकुर पिता मौजी ठाकुर फर्म श्री सांई दूध डेयरी स्लीमनाबद निवासी ग्राम छपरा थाना स्लीमनाबाद को अमानक एवं मिथ्याछाप दही एवं पनीर का संग्रहण एवं विक्रय करने पर 15 हजार रूपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

अनावेदक को अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से हैड क्रमांक 0210 चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, 04- लोक स्वास्थ्य, 104- शुल्क एवं अर्थ दंड आदि (0754) खाद्य अपमिश्रण एवं औषधि नियंत्रण के अंतर्गत लाइसेंस फीस अर्थदंड आदि के खाते में 30 दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति इस न्यायालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। राशि जमा न करने की दशा में लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि की वसूली की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### भगवान भोलेनाथ का हुआ आकर्षक श्रृंगार

**तेंदूखेड़ा।** नए वर्ष के अवसर पर नगर के पंचवटी सिद्ध धाम में भगवान भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पंचवटी धाम में हर दिन भगवान भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार श्रीमती प्रज्ञा कटारे के द्वारा किया जाता हैं। दर्शन करने के लिए भक्त प्रतिदिन पंचवटी पहुंचकर धर्मलाभ लेते हैं।

### महिला साक्षरता एवं जागरूकता कक्षाऐ प्रारंभ

**दमोह ।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरियां की शिक्षिका शीला पटेल द्वारा 03 दिवसीय महिला साक्षरता एवं जागरूकता हेतु अवकाश (छुट्टी) के दिनो मे कक्षाओं की शुरुआत की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे उपस्थित हुई और उन्होंने महिलाओं को संबोधित किया। शीला पटेल का इस तीन दिवसीय कार्यशाला उद्देश्य महिलाओं में साक्षरता के साथ-साथ उन्हें नशा मुक्ति, बाल-विवाह, महिला स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के साथ उनके अधिकारों के बारे में भी जानकारी देना है।

कलेक्टर बंगला के 100 वर्ष पूर्ण होने पर डाँक टिकिट का विमोचन, प्रथम दमयंती व्याख्यान माला संपन्न

# हम सभी को जीवन में सकारात्मक रहना चाहिए- मोटिवेशनल स्पीकर मनीषा आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नव वर्ष 2026 के शुभारंभ अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया तथा मनीषा आनंद की गरिमामयी मौजूदगी में प्रथम दमयंती व्याख्यान माला स्थानीय निजी होटल में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, संगीता श्रीधर अपर कलेक्टर मीना मसराम मंचासीन थे। जिले के और सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मोटिवेशनल स्पीकर/ साइकोलोजिस्टक कॉर्पोरेटर ट्रेनर मनीषा आनंद ने व्याख्यान माला में आये आगंतुकों को जीवन खुशहाल बनाने के लिये टिप्स दिये। उन्होंने कहा वे पहली बार दमोह आई हैं, उनका जन्म कटनी जिले के छोटे से गांव में हुआ हैं, दमोह नाम से तो मैं बहुत समय से परिचित थी, लेकिन आज पहली बार आई हूँ। मनीषा आनंद ने कहा यहाँ ज़िला प्रशासन ने जो पहल की है कि हमें चाय के कप भी जो ऐसे बनाने चाहिए कि चाय पियें और उसके बाद हम वो कप को चाय के बाद बिस्किट की तरह खा लें, तो यह पर्यावरण के लिए बहुत अच्छा कदम हैं। जो यहाँ बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया कि उनको एक मंच प्रदान किया गया कि वो यहाँ आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें, उनको जो गिफ्ट्स दिए गए, उनका उत्साहवर्धन किया गया तो मुझे बहुत अच्छा लगा। दमोह जिला जिस तरह से प्रगति कर रहा है कलेक्टर श्री कोचर जिस तरह से नए-नए अभियान लेकर आ रहे और कार्य कर रहे हैं वह बहुत सराहनीय हैं।आज दमोह आकर बहुत अच्छा लगा आप सभी के लिए धन्यवाद देती हूं, हम सभी को जीवन में सकारात्मक रहना चाहिए। हम सभी को कोशिश करनी चाहिए की शिकायत में कम हो और लोगों में कुछ अच्छा खोजने की कोशिश करें। उन्होंने कहा दमोह ज़िला जिस तरीके से प्रगति कर रहा है और जिस तरह से कलेक्टर सर, कोचर सर जिस तरह से नए-नए अभियान लेकर आ रहे हैं, वो बहुत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा जीवन में सकारात्मक रहना चाहिए। कोशिश कीजिए कि शिकायतें कम से कम हों और अपने आसपास की स्थितियों में कुछ अच्छा ढूँढने की कोशिश करें क्योंकि अच्छाइयाँ सबमें होती हैं और जब आप अच्छाइयाँ ढूँढें तो उनके लिए उनकी तारीफ करें और अपने आसपास जो भी आपको भगवान ने जो भी अच्छा दिया है उसके लिए धन्यवाद दें। विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा साल का पहला दिन है मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं यह साल सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य और सभी के लिए समृद्धि लेकर आए। कलेक्टर बंगले को 100 वर्ष हो गए हैं जिस पर आज एक डाक टिकट जारी करके हम जा रहे हैं, यहां पर एक अच्छे वक्ता को बुलाकर जीवन के महत्वपूर्ण जीवन को तनाव रहित कैसे किया जाए के संबंध में बहुत अच्छी बात हमारी वक्ता मनीषा आनंद ने रखी निश्चित ही यह बातें सभी के जीवन के लिए बहुत ही, लाभदायक साबित होगी। उन्होंने इस तरह के आयोजन करने के लिए जिला कलेक्टर सुधीर कोचर जी को बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा इस बेहतर कार्यक्रम के लिए धन्यवाद करता हूं, सुबह जब सूर्य निकलता है तो पुष्प अपने आप खिल जाते हैं, इसी तरह हमारे भीतर ऊर्जा की कमी नहीं है, सत्संग की कमी है, यदि ऐसा सत्संग मिलेगा तो सारी कुंठा खत्म हो जाती है और अच्छी ऊर्जा आती है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया नया शहर और दमोह जिले में दमयंती व्याख्यान माला सिरीज की शुरूआत की गई, यह व्याख्यान माला माह में एक दिवस आयोजित की जायेगी। जिसमें हम देश और प्रदेश के बहुत ही प्रसिद्ध लोगों को बुलायेंगे और उनके व्याख्यान होंगे। इसी श्रृंखला में आज मनीषा आनंद का व्याख्यान था, जो ना केवल मिसेज वर्ल्ड हैं, मिसेज वर्ल्ड की विनर है, वे एक साईक्लोजालिस्ट भी है, मोटिवेट स्पीकर है और कॉर्पोरेट ट्रेनर है। उन्होंने आज जीवन प्रबंधन पर अपनी बात रखी।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कलेक्टर बंगले के 100 वर्ष पूरे होने पर एक डॉक टिकिट भी जारी किया गया। इस पर भी साल भर कुछ ना कुछ कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में एक प्रयोग और किया है, ईटेबिल कप होते हैं, जिसमें चाय पीकर के उसको बिस्कुट की तरह खाया जा सकता है। उस कप में सभी लोगों को चाय दी गई थी। मुझे उम्मीद है कि इस यह प्रयोग जिले में प्लास्टिक खात्मे के लिये एक उदाहरण बनकर के सामने आयेगा।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे, संगीता श्रीधर ने अपनी बात कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर नए वर्ष की शुभकामनाएं दी और आभार व्यक्त करते हुए कहा इतने अच्छे आयोजन में सभी लोगों ने अपना समय दिया, हमारे अतिथि वक्ताओं ने ज्ञानवर्धन किया, सभी का जिला प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों और मीडिया के साथियों का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार। व्याख्यान माला के अंत में कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया, उनको उपहार भेंट किए गए।

## धार्मिक और पिकनिक स्पॉटों पर दिन भर चलता रहा पार्टियों का सिलसिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

बुधवार को नववर्ष का स्वागत लोगों ने अपने-अपने तरीके से किया। एक ओर जहां लोगों ने भगवान का भजन-पूजन एवं प्रसादी वितरण के साथ अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न कराए गए वहीं कुछ लोगों द्वारा अपने परिजनों एवं मित्रों के साथ खेत, नदी, तालाब किनारे पहुंचकर दाल, बाटी का आनंद लिया। नव वर्ष के चलते सुबह से उपकाशी नगरी में स्थित देवश्री गौरीशंकर मंदिर, मां चंडी जी मंदिर, मां पीताम्बरा पीठ, मढ़ी का बगीचा सहित अन्य स्थानों पर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की पूजन अर्चन करने भीड़ लगी रही। वहीं नगर में अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने खाटू श्याम समिति के सदस्यों द्वारा कक्कड़ भर्ता का आयोजन कर रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस दौरान भजन गायक मुकेश व्यास की संयुक्त टीम के कलाकारों ने नये साल में अपके पूरे हो सब काम कृपा करें खाटू श्याम सुखी रखे जैसे एक से बढ़कर एक सुमधुर गीत गाकर सभी को भाव विभोर कर आयोजन को यादगार बनाया। जहां हजारों की संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने भक्तिमय आनंद उठाया।

### पिकनिक स्पाटों पर रही भीड़

नये वर्ष के सेलिब्रेशन के लिए हटा क्षेत्र के पिकनिक स्पाटों पर भारी भीड़ रही। सुनार नदी के भढ़भढ़ा वाटर फाल, खंडेरा किला, झारखंडी, जैसे जलप्रपातों के अलावा सुनार नदी के अन्य घाटों पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या मे भीड़ रही। नये वर्ष पर बड़ी संख्या मे लोग जिले से बाहर भी नया वर्ष परिवार के साथ मनाने के लिये गये जहां स्थानों पर लोग खुशियां मनाते हुये नजर आये।

### पुलिस की रही चौकसी

नव वर्ष पर सरिता सुनार के भढ़भढ़ा वाटर फाल एवं शहर के मुख्य मंदिरों पर बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ रही वही पुलिस एसडीओ प्रशांतसुमन के निर्देशन में थाना प्रभारी सुधीर बेगी के नेतृत्व में समूचा पुलिस बल सक्रियता के साथ ड्यूटी करते हुए चौकन्ना रहा और किसी प्रकार की कोई अनहोनी नही हुई।

## भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व राजयसभा सदस्य रामनारायण साहू जी के आदेशानुसार, मुख्य सरंक्षक माननीय प्रधानमंत्री जी के भाई प्रहलाद मोदी जी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेशनन्दलाल जी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने सत्येंद्र साहू को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया.भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा मे सत्येंद्र साहू जी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं समाज के वरिष्ठ जनो ने प्रेषित की। नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष ने सभी का आभार करते हुए कहा कि यह दायित्व समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण, एकता एवं जनकल्याण के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा—ऐसा हमारा पूर्ण विश्वास है। आप सभी के नेतृत्व में महासभा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। और बहुत जल्द नरेंद्र साहू जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सम्पूर्ण प्रदेश में जिलों में कार्यकारिणी गठन कर भोपाल में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करेंगे।

## दो वर्ष से दलित आदिवासी मोहल्ला में ट्रांसफार्मर नहीं

### अंधेरे में जीवन यापन करता दलित एवं वंचित वर्ग



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत भजिया में आम आदमी पार्टी की मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान के तहत सभा हुई जिसमें उपस्थिति लगभग 200 दलित आदिवासी वर्ग के लोग उपस्थित हुए उपस्थित लोगों ने आम आदमी पार्टी के मध्य प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य बसंत राय को बताया कि हमारे मोहल्ले में पिछले 2 वर्ष से ट्रांसफार्मर नहीं रखा जा रहा है तथा कुछ खंभों में लगभग 5 वर्ष से लीड नहीं है। हम सभी दलित आदिवासी परिवार से आते हैं सारे राजनीतिक दल हमारी मजबूरी का फायदा उठाते हैं एवं हमारा उपहास उड़ाते हैं हमारी कोई सुनने वाला नहीं है अब हमें केवल आम आदमी पार्टी पर ही भरोसा नजर आता है इसलिए आप हमारी समस्या को सुलझाने में हमारी मदद करें ऐसा आह्वान उपस्थित लोगों के द्वारा बसंत राय से किया गया। बसंत राय के द्वारा मंच पर से ही प्रभारी अधिकारी जबेरा से मोबाइल पर ही निवेदन किया कि सर जी दलित आदिवासी मोहल्ले में कृपया ट्रांसफार्मर रखवाने की दया करें यदि सात दिवस के अंदर दलित आदिवासियों की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो समस्त दलित आदिवासी समाज आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में आंदोलन करने को मजबूर होगा जिसका सारा दायित्व विद्युत विभाग के अधिकारियों का होगा। आम आदमी पार्टी की सभा में बसंत राय,डम्मू पटेल बहादुर लोधी के साथ बड़ी संख्या में ग्राम की महिला पुरुषों की उपस्थिति रही।

## 3 जनवरी को हटा पहुंचेगी सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा

### दिव्य अवशेषों के दर्शन व सामूहिक रुद्र पूजा होगी



**हटा।** देशभर में शिवभक्ति और आध्यात्मिक चेतना का संदेश फैलाती सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा अब अपने अगले पड़ाव के रूप में 3 जनवरी 2026 को हटा नगर पहुंचेगी। यह ऐतिहासिक यात्रा 12 राज्यों और लगभग 140 शहरों से होकर गुजर रही है, जिससे हर स्थान पर श्रद्धा और आस्था का वातावरण निर्मित हो रहा है। प्रदेश में इस पावन यात्रा की शुरुआत बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से हुई थी। इसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। यात्रा के साथ सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दुर्लभ और दिव्य अवशेष लाए जा रहे हैं, जो हटा नगर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ उपलब्ध रहेंगे। 3 जनवरी शनिवार को नगर में सुबह 9 बजे से ब्लॉक ऑफिस के सामने बालाजी कंस्ट्रक्शन ग्राउंड में रुद्राभिषेक एवं सामूहिक रुद्र पूजा का आयोजन किया जाएगा एवं सभी भक्त जन दिव्य ज्योतिर्लिंग दर्शन 11 बजे से 3 बजे तक कर सकेंगे। विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, भजन और सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है, जिससे हटा में धार्मिक उल्लास का माहौल बनेगा।

## विकास मंच ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

### लंबे समय से जबेरा को नगर परिषद बनाने की हो रही है मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा विधानसभा क्षेत्र 56के प्रमुख प्रमुख ग्राम जबेरा को नगर परिषद बनाने के लिए जबेरा विकास मंच सहित संपूर्ण नगर वासियों की बहु प्रतीक्षित मांग जिस की घोषणा वर्तमान एवं पूर्व प्रदेश के मुखिया ने भी अपने जबेरप्रवास के दौरान की थी वह मांग इस सत्र में पूरी होने के असर नजर आ रहे। वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की घोषणा के पश्चात जिला नगरीय विकास प्राधिकरण के द्वारा घोषणा की आधार पर प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है जिस पर शासन को निर्णय लेकर के अधिसूचना जारी करना है जिसके पश्चात दावे आपत्ति प्राप्त करने के पश्चात वार्डो का निर्धारण किया जावेगा जबेरा संभाग की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत होने के अलावा पर्यटन एवं सांस्कृतिक ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है जबेरा नगर पंचायत बनने पर जबेरा के समीपस्थित ग्राम पंचायत सुरई विजय सागर मुड़ेरी एवं खेरी सिंगोरगढ़ की कुछ हिस्से जबेरा नगर पंचायत में जुड़ने की पूर्ण संभावना है।

इस संदर्भ में जबरा विकास मंच का कहना है कि प्रस्ताव भेजें हुए पर्याप्त समय हो गया है अतः नगर वासियों की मांग है किशासन को शीघ्र ही अधिसूचना जारी कर वार्डन का सीमांकन किया जाना चाहिए। जबरा विकास मंच लगातार विधिवत जमीनी स्तर पर नगर परिषद बनने तक संघर्ष करता रहेगा। जिला नगरी य विकास अभिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कपिल खरे का कहना है कि जबरा को नगर परिषद बनाने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है क्योंकि यह घोषणा स्वयं मुख्यमंत्री जी की है इसलिए उनके विशेष अधिकार में होने के कारण इसके बनने में जनसंख्या जैसे मापदंड की कोई अड़चन नहीं आवेगी।

## खिरिया लखरौनी के भवन में नहीं हो पाया शिक्षण कार्य संचालन, हालत जर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विकास खंड पथरिया संकुल केंद्र बोतराई के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेगुवां के ग्राम खिरिया लखरौनी में शासकीय माध्यमिक शाला के भवन बनें वर्षों बीत गए लेकिन सोचने वाली बात है कि कभी भी शिक्षण कार्य का संचालन नही हुआ शाला परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण,किचन शेड कार्य व हेडपंप भी लगा है छात्र छात्राओं को खेलने के लिए पर्याप्त जगह भी है फिर भी वहां संचालन शुरू नही हुआ वर्तमान में प्राथमिक शाला में ही माध्यमिक शाला का संचालन जारी है उसके बाद भी कोई विभाग व जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया। वही इस संबंध में बीआरसी जितेन्द्र कुमार जैन का कहना है कि अभी तक मैंने देखा नही है दिखवाते है।

## श्रीमद् भागवत कथा में किया गोवर्धन पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



मेहलवार माता पान बरेजे प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन गोवर्धन पूजन का महोत्सव हर्षोल्लाश के साथ मनाया गया गोवर्धन प्रशंग के पूर्व पूतना वध,माखन चोरी यमलार्जुन उद्धार और गोपियों के साथ राशलीला जैसे प्रसंगों का वर्णन किया गया श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग अर्पण किए गए। कथा वाचक पंडित अर्पिताचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं,बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली कला है जो परिवार और समाज से अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करती है। संस्कार व्यक्ति के अन्दर नई सोच और बेहतर व्यवहार के बीज बोते है, जिससे उसका व्यक्तित्व निखरता है। सकारात्मक सोच संस्कारों से व्यक्ति में सकारात्मक दृष्टिकोण आता है, जिससे वह अच्छे और कठोर परिस्थितियों में भी धैर्य पूर्वक निर्णय ले पता है,उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को माता पिता अच्छे संस्कार दे तभी उनका भविष्य संवरेगा और देश वा समाज में बदलाव आएगा। गोवर्धन प्रसंग की कथा सुनाते हुए कथा वाचक ने कहा कि बृजवासी इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए हर साल पूजा करते थे क्योंकि वे वर्षा के देवता है।श्री कृष्ण ने बृजवासियों को समझाया कि वर्षा के असली कारण तो गोवर्धन पर्वत है नकी इंद्र उन्होंने इंद्र की पूजा बंद कराकर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की सलाह दी उनकी बात मानकर बृजवासियों ने गोवर्धन की पूजा की जिससे इंद्र क्रोधित हो गए और मूसलाधार बारिश कराकर बृज को डुबोने का प्रयास किया जिससे भयभीत होकर बृजवासी श्री कृष्ण की शरण में गए। बृजवासियों की रक्षा के लिए भगवान ने अपनी सबसे छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। और बृजवासियों को उसके नीचे आश्रय लेने को कहा उन्होंने सात दिन लगातार बारिश के बीच पर्वत को उठाए रखा मूसलाधार बारिश के बाद भी जब बृजवासियों का कुछ नहीं बिगड़ा तो इंद्र को भगवान श्री कृष्ण की दिव्य शक्तियों का एहसास हुआ और उसका अहंकार टूट गया उनके द्वारा भगवान श्री कृष्ण से माफी मांगी गई। कथा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा सुंदर झांकियों को सजाया गया। लोगो की कथा में भारी भीड़ रही।

## अंग्रेजी नववर्ष 2026 का किया स्वागत



**तेंदूखेड़ा।** अंग्रेजी नववर्ष 2026 का स्वागत नगर के युवाओं ने भक्ति के साथ किया। 31 दिसंबर की रात्रि 8 बजे नगर के सभी रामायण मंडल जिसमें श्री रामानुज राधेश्याम रामायण एवं भक्त मंडल, श्री सीताराम राज्योत्सव मंडल के अलावा अन्य रामायण मंडल विघानगर में एक साथ सम्मिलित होकर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया साथ ही रात्रि 12 बजे हनुमान चालीसा का पाठ कर अंग्रेजी नव वर्ष मनाया। इसके बाद सभी को स्वल्पाहार वितरित किया गया। युवाओं की इस पहल में नगर निरीक्षक रावेंद्र सिंह बागरी एवं प्रआर ब्रजेश तिवारी अपने स्टाप के साथ पहुंचे और सुंदरकांड का पाठ पढ़ा साथ ही कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज को एक नई दिशा मिलती हैं आज युवा पीढी नशे की ओर अग्रसर हो रही हैं मेरा सभी से आग्रह हैं कि ऐसे ही आयोजन करते रहे और नशे से दूर रहे सभी युवा बधाई के पात्र हैं।

## प्रस्फुटन समितियों की सहभागिता से मिलेगी ग्राम विकास को नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में बांदकपुर सेक्टर की सेक्टर बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन श्री राधा कृष्ण मंदिर गुंजी में किया गया। जिसमें जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह सुशील नामदेव एवं ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणा गीत के साथ किया। इसके पश्चात कार्यक्रम समन्वयक मिशन जन जागृति युवा मंडल द्वारा बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का परिचय कराया गया। उन्होंने बताया कि इस सेक्टर बैठक में बांदकपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें गुंजी, हिंडोरिया, पिपरिया साहनी एवं मुहली की समितियों के सदस्यों ने सहभागिता की।बैठक को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने कहा कि ग्रामों में गठित प्रस्फुटन समितियों का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विकास एवं सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, नशा मुक्ति, युवाओं की जागरूकता, सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान, त्योहारों के समय ग्राम उत्सव, वृक्षारोपण एवं संस्कार केंद्रों के संचालन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामों का समग्र विकास संभव है।उन्होंने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से ग्राम विकास को एक नई दिशा दी जा सकती है।उन्होंने सुझाव दिया कि प्रस्फुटन समितियों द्वारा साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ, सामूहिक आरती-पूजन, तथा नियमित बैठकें सभी सदस्यों के निवास पर क्रमवार आयोजित की जाएं। साथ ही, समिति द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में सदस्यों के सुझावों को प्राथमिकता दी जाए। ग्राम की बैठकों में वरिष्ठजनों, युवाओं एवं आम ग्रामवासियों को भी आमंत्रित करने पर विशेष जोर दिया गया।सुशील नामदेव ने कहा कि जब ग्राम में नियमित रूप से श्रमदान एवं जन-जागरूकता गतिविधियाँ सम्पूर्ण ग्रामवासियों की सहभागिता से हो।इसलिए एक ऐसी कार्ययोजना बनाई जाए, जिसमें सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हो।कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर ग्राम के प्रभु रैकवार, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गुंजी से तुलसीराम तिवारी,अभिषेक चौबे, प्रवेंद्र मिश्रा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुहली से नरेंद्र यादव, पिपरिया साहनी से खेत सिंह, हिंडोरिया से ब्रजेश मनहार, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम दमोह के परामर्शदाता राजकुमार सेन, छात्र अरविंद सेन सहित अनेक समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## वंशवर्ती समाज की हुई बैठक

**दमोह।** नव वर्ष के अवसर पर ग्राम सिमरी जालम सिंह में वंशवर्ती समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी वरिष्ठजनो, नवयुवको ने मिलकर एक दूसरे को बधाई दी एवं मंदिर निर्माण को लेकर विशेष चर्चा बैठक के दौरान समाज के लोगो ने की। वहीं गक्कड भर्ता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर लटोरी लाल, रंगनाथ मासाब, हुकुम गौर, भगवत वंशवर्ती, उत्तम बनवार, बल्लू दादा, मन्नू, खुमान, जीवन, निजाम, प्रभु मासाब, सांगा वाले, अर्जुन, गनेश मुडारी, परसोती देवक, पप्पू, रतिराम की उपस्थिति रही।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में महेश 11 विजय रही

**दमोह।** स्वामी विवेकानंद सेवा विकास एव उत्थान समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का मुकाबला महेश 11 एवं सिंह वाहिनी बांदकपुर के बीच खेला गया जिसमें रमेश 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 120 रनों का लक्ष्य रखा जिसे लक्ष्य का पीछा करते हुए सिंहवाहिनी निर्धारित ओवर में 70 रन ही बना सकी और 50 रनों से महेश 11 विजय रही। ऑलराउंडर विशाल ने 40 रन और दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। मुख्य अतिथि मधुकर स्वर्णकार डॉक्टर अली असगर कपिल खरे संजय सरवरिया समिति अध्यक्ष शैलेंद्र परिहार जितेंद्र राजपूत वीरेंद्र विश्वकर्मा महेंद्र राठौर विजय रैकवार शिव शंकर पटेल उपस्थित रहे। शुक्रवार को सौरभ क्लब एवं तालिब के बीच खेला जाएगा मैच दोपहर 1:00 बजे से खेला जाएगा।

# नव वर्ष के पहले दिन कुण्डलपुर एवं बांदकपुर में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नव वर्ष 2026 के प्रथम दिन गुरूवार को खास बनाने के लिये नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों पर भीड़भाड़ का माहौल बना रहा। नव वर्ष 2026 की अगवानी अवसर पर जिले के प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर जी एवं जागेश्वरधाम बांदकपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पहुंचकर नववर्ष की शुरूआत बड़े बाबा व भोलेबाबा के दर्शन कर की। साथ ही अपने परिजनों के साथ सुख एवं शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं दमोह नगर के जटाशंकर धाम में भी भक्तों ने पहुंचकर भगवान जटाशंकर पर जल अर्पित कर आरती की। वही युवाओं की टोलियों ने अपने अपने पंसंदीदा स्थानों पर पहुंचकर पिकनिक का आनंद लिया। नये साल के पहले जबरदस्त ठंड होने के बावजूद भी जिले के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर भी नव वर्ष की धूम रही। लोगों ने पहुंचकर अपने अपने तरीकों से नव वर्ष मनाया। प्रमुख रूप से गौमुख जलधारा मड़ियादौ, जरारूधाम, गणेश मंदिर झागर,निदान कुण्ड सिंग्रामपुर, मढ़कोलेश्वर सीतानगर, राजनगर तालाब, जटाशंकर धाम दमोह, बबलीगढ़ कुम्हारी सहित सभी प्रमुख पर्यटक/धार्मिक स्थलों पर लोक पहुंचे एवं नव वर्ष का आनंद लिया। सिग्रामपुर के निदान वाटरफॉल नजारा व्यू पाइंट, गिरीदर्शन, सिंगौरगढ़ किला, रानी दुर्गवाती अभयारण के नजारा पॉइंट के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए के लिए हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे। यहां सैलानियों का जमावड़ा सुबह से शाम तक लगा रहा। नजारा व्यू पाइंट पर पर्यटकों के आने का सिलसिला नये वर्ष में सप्ताह भर चलता है। इस दौरान चौकी प्रभारी एलपी तिवारी के नेतृत्व में पुलिस सक्रिय रही।




## नव वर्ष पर बड़े बाबा के अभिषेक के लिए उमड़ा जन सैलाब,मुनि श्री प्रमाण सागर जी ने कराया भावना योग

दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर बड़े बाबा की पावन नगरी संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की तपस्थली में नव वर्ष 2026 की शुरुआत पूज्य बड़े बाबा के चरणों में करने उमड़ पड़ा भक्तों का जन सैलाब। पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक करने हजारों हजार श्रद्धालु भक्तों की लगी लंबी कतार ।कई घंटे चला बड़े बाबा का अभिषेक कार्यक्रम। इस अवसर पर



पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने नए वर्ष का शुभारंभ भावना योग शिविर के साथ की। मुनिश्री ने कहा नया साल है इसलिए हर्ष है आज हम बड़े बाबा के दरबार में बैठे हैं जहां का कण कण आचार्य श्री की साधना से सिंचित है ।जीवन को हर्ष मय बनाना चाहते हैं तो कुछ नया जोड़े ।नया वर्ष आया है आप सबके मन में कुछ नया करने का भाव है ।घर में जब नया फर्नीचर लाते हैं तो पुराना कबाड़ बाहर करते हैं । आज मैं चार बातें द्वारा आपसे साक्षात्कार करूंगा। समीक्षा ,संवेदना , संकल्प, साधना ।सबसे पहले अपनी समीक्षा करें अंदर कचरा कूड़ा भरा है उसमें यदि इत्र भी डालोगे तो खुशबू नहीं आएगी ।बीते वर्ष में मैंने क्या गलत किया उसकी सफाई कीजिए, प्रतिक्रमण करें। जिसने मेरे साथ बुरा किया उसे क्षमा करें ,जिसके साथ मैंने बुरा किया उसका प्रायश्चित करें। नकारात्मकता हावी होगी हम अपने जीवन को रचनात्मकता नहीं दे सकेंगे ।सारा बोझ उतारिए। मुनि श्री ने एक कथानक सुनाते हुए बताया कि गुरु ने एक थैला पकड़ाया उसमें आलू भर दिया शिष्य से कहा अपने साथ रखो 15 दिन। 2 दिन में आलू सड़ने लगा शिष्य ने कहा इसमें बदबू आने लगी है ।गुरु ने कहा तू थैली की बदबू सह नहीं सकता । अपने अंदर की बदबू को निकालो। हम दूसरे की समीक्षा खूब करें अपनी समीक्षा नहीं करते ।आत्म समीक्षा करें अपने दुर्गुण दूर करना है यह दृष्टिकोण अंतरंग में परिवर्तन होता है संकल्प के साथ ।इस वर्ष में अपनी वाणी में मधुरता लाओ, व्यवहार में विनम्रता ,आचरण में सादगी लायें ।जीवन में बदलाव चाहिए छोटे-छोटे संकल्प भी संकल्प सिद्धि का आधार है ।उस उम्मीद और संकल्प को छोड़ देना जो हमारा बुरा कर सकता है ।एक संकल्प लीजिए मुझे अच्छा बनना है अच्छा बनने का भाव जगाइए अच्छा बनने का संकल्प एक छोटी सी शुरुआत जीवन का आधार बनेगी। तीसरा संवेदना का भाव होना चाहिए अंदर की संवेदना जगना चाहिए ।संवेदनहीन मनुष्य के जीवन में धर्म का अंकुर नहीं होता एक दूसरे की पीड़ा को समझने की कोशिश करिए ।चौथी बात साधना अपने धर्माचार्य को साधना बनाएं ।धर्म को साधना बना लेते तो धर्म हमारे विचार व्यवहार में प्रतिबिंम्बित होता है । नए वर्ष की पूर्व संध्या पर बड़े बाबा मंदिर परिसर में बने भव्य पंडाल में एक शाम बड़े बाबा के नाम भक्ति संध्या का आयोजन किया गया इस अवसर पर देश के विभिन्न अंचलों से जुटे बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त देर रात तक भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति पर झूमते नाचते बड़े बाबा की भक्ति कर आनंद लेते रहे ।जहां एक और भजन गायिका प्रियांशी जैन ने बना लो मन को मंदिर सा तभी भगवान आएंगे गीत से मंगलाचरण किया ।बड़े बाबा मेरे आदिनाथ मैं तेरी भक्ति करूं दिन रात शरण मोह रख लीजे भजन की सुंदर प्रस्तुति की। गायक नीलेश जैन बुढ़ार ने णमोकार णमोकार महामंत्र णमोकार भजन गीत, एक बार दरश जो पाये इनका ही हो जाए, बड़े बाबा के चरणों छत्र चढ़ाने आया हूं ,बाबा कुंडलपुर वाले हम सबके रखवाले, खबर मोरी लय रइयो कुण्डल गिरी के बड़े बाबा आदि भजन गीतों से उपस्थित जनसमूह को भक्ति के रंग में डुबाये रखा ।

## नववर्ष पर बांदकपुर में आस्था का महासैलाब

**बनवार** । नववर्ष 2026 की पहली सुबह बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर आस्था का अद्भुत और अविस्मरणीय नजारा देखने को मिला। स्वयंभू दिव्य शिवलिंग देव श्री जागेश्वरनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। बुंदेलखंड ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत में ख्याति प्राप्त श्री जागेश्वरनाथ धाम, बांदकपुर में तड़के सुबह 4 बजे से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया,



जिससे पूरा क्षेत्र भोले बाबा के जयकारों से गूंज उठा। दमोह जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित इस प्राचीन धाम में सुबह होते-होते हजारों श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे, जबकि दोपहर तक यह संख्या 20 हजार से अधिक पहुंच गई। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार देर शाम तक 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के दर्शन करने की संभावना जताई गई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। कलेक्टर सुधीर कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक इंतजाम किए गए। एसडीएम आर.एल. बागरी और पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में पुलिस बल तैनात रहा, वहीं एसडीओपी प्रिया सिंधी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करती रहीं। हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, बिलाई चौकी प्रभारी मलखान सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र एवं आवागमन मार्गों पर तैनात रहा। श्रद्धालु भोले बाबा को जल, बेलपत्र और दुग्ध अर्पित कर नववर्ष की शुरुआत करते नजर आए और महादेव का आशीर्वाद प्राप्त कर नववर्ष को मंगलमय बनाने की कामना की।हर उम्र के भक्तों के चेहरे पर उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव साफ झलक रहा था। मंदिर ट्रस्ट के पंडित श्री रामकृपाल पाठक ने बताया कि नववर्ष पर हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है और इस वर्ष भीड़ ऐतिहासिक रहने की पूरी संभावना है। तहसीलदार प्रीतम सिंह, आरआई लक्ष्मण मिश्रा, पंचायत अमला एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी मौके पर तैनात रहीं। नववर्ष 2026 के अवसर पर श्री जागेश्वरनाथ धाम, बांदकपुर में उमड़ी यह विशाल भीड़ न सिर्फ आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बनी, बल्कि शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और अनुशासित आयोजन की मिसाल भी पेश करती नजर आई।

## सैलानियों पर भारी पड़े टाइगर रिजर्व के नियम, चार पहिया वाहनों से वसूली गई 1500 की राशि



**सिंग्रामपुर।** दमोह जिले में नए साल के मौके पर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सिंगौरगढ़ के खूबसूरत वादियों में घूमने के लिए दमोह के अलावा आसपास के जिलों से भी सैलानी पहुंचते हैं, लेकिन यहां पर टाइगर रिजर्व के नियम सैलानियों पर भारी पड़ गए। बाइक चालक और पैदल चलने वाले लोगों पर प्रतिबंध लगने के कारण यह लोग सौंदर्य स्थल नहीं घूम सके। वही चार पहिया वाहनों का किराया 1500 होने के चलते कई लोग वापस लौट गए। इसलिए सैलानियों से भरा रहने वाला सिंगौरगढ़ नए साल के मौके पर बहुत कुछ सूना दिखाई दिया और लोग भैंसा घाट की पहाड़ी से ही सेल्फी लेकर वापस लौट आए। दरअसल सिंगौरगढ़ में कई झरने व सौंदर्य स्थल है जिनके दीदार करने के लिए हर साल नए साल के मौके पर सैलानी यहां अपने परिवार के सहित आते हैं, लेकिन अब यह क्षेत्र रानी दुर्गावती टाइगर जरूर में चला गया है जिससे यहां अब नए नियम बनाए गए हैं। यहां के सुंदर नजारे को देखने के लिए अब केवल चार पहिया वाहनों को ही अनुमति दी गई है। टू व्हीलर और पैदल चलने वालों को अंदर जाने नहीं दिया जाता। 4 व्हीलर का किराया भी 1500 रुपए सैलानियों से लिया जाता है। संपन्न लोग तो इसे दे देते हैं, लेकिन जीनके पास इतने पैसे नहीं होते वह बाहर से ही लौट आते हैं। गुरुवार को 12:00 बजे तक यह इलाका खाली दिखाई दिया और शाम होते-होते भी यहां बहुत कम संख्या में सैलानी पहुंचे। हजारों की संख्या में पहुंचने वाले लोग सैकड़ो में सिमट गए। निधान बेरियल पर डिप्टी रेंजर लईक खान ने बताया की 1500 रुपए चार पहिया वाहन के शासन ने निर्धारित किए हैं इतना किराया लोगों के लिए भरना मुश्किल है। साथ ही टू व्हीलर और पैदल जाने वालों को अब यहां परमिशन नहीं है। इसलिए सैलानी पहुंचे तो हैं लेकिन इतनी संख्या में नहीं आए जितनी हर साल आते थे। पर्यटक हरिशंकर दुबे ने बताया कि यह काफी अच्छा दर्शनीय स्थल है। यहां पर कई प्रकार के जंगली जानवर हिरण अन्य जानवर भी उन्होंने देखे हैं। साथ ही चार पहिया वाहन की एंट्री अंदर तक होने से लोगों को पैदल नहीं चलना पड़ा और व्यवस्थाएं भी यहां पर काफी अच्छी मिली। डिप्टी रेंजर विनोद कुमार का कहना है की विभागीय निर्देशों के तहत बाइक और पैदल जाने वालों को टोटल मना किया गया था। जिससे लोग निराश होकर वापस लौटे और इस साल पर्यटकों की संख्या कुछ कम रही, लेकिन जो लोग भी चार पहिया वाहन की 1500 की रसीद कटाकर अंदर घूमने गए उन्होंने बताया कि इस बार उन्हें काफी अच्छा लगा है। व्यवस्थाएं भी टाइगर रिजर्व प्रबंधन की ओर से काफी अच्छी की गई थी।

## मतगणना की तैयारियों पूर्ण, प्रेक्षक ने लिया जायजा

**दमोह।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी उपचुनाव निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के लिए मतगणना की तैयारियों पूर्ण। आज 02 जनवरी को प्रायः 08 बजे से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पटेरा में मतगणना का कार्य होगा। पंचायत निर्वाचन प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत ने जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। अभ्यर्थियों और उनके गणना अभिकर्ताओं के समक्ष प्रातः 07 बजे स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। मतगणना के लिए 15 टेबल लगाई गई हैं मतगणना में संलग्न सभी मतगणना कर्मियों, अभ्यार्थियों और उनके गणना अभिकर्ताओं के लिए मोबाइल सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को मतगणना हाल में लाना प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना की जानकारी प्रदान करने के लिए परिसर में मीडिया कक्ष की व्यवस्था की गई हैं जहां से मतगणना की ग्राउंड बार जानकारी प्रसारित की जाएगी।



## अचेत अवस्था में मिला युवक

### डायल 112 की मदद से पहुंचा हिंडोरिया स्वास्थ्य केंद्र

**बनवार/दमोह।** हिंडोरिया थाना क्षेत्र की बांदकपुर चौकी अंतर्गत जुझार रंजरा के बीच, राजनगर की ओर जाने वाले पेयजल सप्लाई फिल्टर डेम के पास आज शाम एक युवक अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 को दी गई, जिसके बाद युवक को डायल 112 की मदद से हिंडोरिया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग एवं रियाना सरपंच दर्शन सिंह लोधी मौके पर पहुंचे और युवक की बाइक को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रखवाया। मौके पर युवक का मोबाइल फोन भी पड़ा मिला, जिसके माध्यम से उसके परिजनों को सूचना दी गई। ग्रामीणों के अनुसार युवक की हालत देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह नशे की हालत में हो सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रारंभिक जानकारी में आशंका जताई जा रही है कि बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई होगी। युवक की पहचान अर्जुन सिंह, निवासी बीजा डोंगरी के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के दौरान उसे कई जगह गंभीर चोटें पाई गईं, जिसके चलते चिकित्सकों द्वारा उसे दमोह रेफर किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

## किसानों का आरोपः सीमेंट कंपनी द्वारा जमीन खरीदी में किया भेदभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

ग्राम की पुरानी सेवा सहकारिता समिति परिसर में ग्राम के किसानों ने एक बड़ी बैठक का आयोजन किया। जिसमें किसानों ने जेएसडब्ल्यू सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन पर यह आरोप लगाये कि सीमेंट कंपनी द्वारा ग्राम के किसानों की जो जमीन खरीदी गई है। उसमें अलग-अलग रेट पर किसानों की जमीन को खरीदा गया है। शुरू शुरू में 15 लाख रुपए प्रति एकड़ इसके बाद 20 लाख रुपए एकड़ और अभी वर्तमान में 30 से 40लाख रुपया एकड़ एवं परिवार के एक सदस्य को कंपनी में नौकरी देने का आश्वासन देकर जमीन खरीदी गई है।

किसानों का कहना है कि जमीन किसानों की एक ही रेट पर खरीदी जानी चाहिए जो पहले किसानों की जमीन कम रेट में खरीदी गई है। कंपनी उनको वर्तमान रेट के हिसाब से मुआवजा दे अन्यथा हम आंदोलन करेंगे। किसानों ने हरिभूमि को बताया कि पहले सीधे-साधे किसने की जमीन कम रेट में खरीदी गई है जबकि रसूखदार कुछ बड़े किसानों की जमीन अधिक रेट पर कंपनी द्वारा खरीदी गई है। सीमेंट फैक्ट्री द्वारा जमीन खरीदने से पहले किसानों को है। आश्वासन दिया गया था कि आपके परिवार के एक सदस्य को फैक्ट्री में रोजगार नौकरी दी जाएगी। लेकिन अभी तक किसी भी व्यक्ति को कंपनी में नौकरी नहीं दी गई है। किसानों का कहना है कि यदि हमारे गांव के शिक्षित युवाओं को फैक्ट्री में रोजगार नहीं मिलता है तो हम फैक्ट्री का बहिष्कार करेंगे।

बैठक में उपस्थित स्वरूप पटेल, कडोरी विश्वकर्मा, सोनू जैन, धीरेंद्र पांडे, अमित सेठिया, अजीज खान, पंकज राजपूत आदि ने हरिभूमि को बताया कि हम लोगों की जमीन कंपनी ने कम रेट में खरीदी है जबकि अभी वर्तमान में कंपनी द्वारा अधिक रेट पर जमीन खरीद कर परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया है। किसानों ने कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि शीघ्र ही हम लोगों को अतिरिक्त राशि प्रदान कि जाए एवं ग्राम के युवाओं को सीमेंट फैक्ट्री में रोजगार दिया जाए। यदि कंपनी हम लोगों की मांग को गंभीरता से नहीं लेती है तो हम लोग कंपनी के खिलाफ आंदोलन करेंगे। कंपनी द्वारा जमीन खरीदी में किसानों के साथ किया गया। भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस मामले पर जब हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर राहुल वर्मा से दूरसंचार के माध्यम से बात की तो उन्होंने एक अजीब सा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस विषय पर में कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा जब मैं आपको पहचानता नहीं हूं कि आप कौन है तो आपको क्या बताऊं सॉरी मैं कोई जवाब नहीं दूंगा। यह कहकर फोन काट दिया। यहां पर विचारणीय पहलु यह है कि जब कंपनी के जवाबदार अधिकारी जवाब देने से कतरा रहे हैं तो फिर मीडिया को वर्जन कौन देगा मीडिया किस से सवाल करेगा।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई पति-पत्नी की मौत, एक जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा/झलौन।** नए वर्ष की बेला में एक बार फिर रफ्तार के कहर के साथ हुए हादसे ने बुजुर्ग दंपत्ति की जिंदगानी छीन ली वह उनके भाई की हालत गंभीर होने के साथ वह जबलपुर में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। गुरुवार शाम जबलपुर सागर स्टेट हाईवे 15 पर तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाग बाबा के समीप एक भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी की दर्दनाक मौत जाने का घटनाक्रम सामने आया है। मृतक लोग जबलपुर के चर्चित हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर जामदार के रिश्तेदार बताए गए है। गुरूवार शाम तेंदूखेड़ा झलोन मार्ग पर नाग बाबा के समीप हुए इस भीषण हादसे के संदर्भ में बताया गया है कि जबलपुर के संजीवनी नगर निवासी पाठक परिवार के लोग नए वर्ष में मंदिर के दर्शन करने रहली जा रहे थे। इसी



दौरान नाग बाबा के समीप उनकी तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 2027 का आगे का टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकरा गई। हादसे इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार आधा घंटे तक कार के अंदर बुरी तरह फंसे रहे जिन्हें राहगीरों द्वारा कड़ी मशक्कत करके बाहर निकाल स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जबलपुर निवासी प्रदीप पिता डॉ दिवाकर पाठक उम्र 74 वर्ष जो कार में आगे की सीट पर बैठे थे उनकी कार में देर तक फसे रहने से सांसे थम गई वहीं उनकी पत्नि अलका पाठक उम्र 65 वर्ष जो कि कार की पिछली सीट पर बैठी थी वह हादसे के बाद कार के गेट से उछल कर सड़क पर गिरने के बाद दोबार नहीं उठ सकी। भाई प्रमोद पाठक उम्र 50 वर्ष गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बताया गया है प्रमोद पाठक और प्रदीप पाठक संगे भाई हैं और अलका और प्रदीप पति-पत्नी हैं जो कि जबलपुर से रहली किसी मंदिर के दर्शन करने के लिए जा रहे थे लेकिन रास्ते में हादसा हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 108 वाहन मौके पर पहुंचा और घायलों को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया लेकिन रास्ते में अलका पाठक की मौत हो गई थी जबकि प्रदीप पाठक ने स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान दमतोड़ दिया और डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि प्रमोद पाठक को गंभीर चोटे आने के चलते जबलपुर रेफर कर गया है तेन्दूखेड़ा पुलिस मौके पर जांच पड़ताल शुरू कर आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना को अपनी आंखों से देखने वाले लोगों ने बताया नागबाबा के समीप अचानक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई। तेज आवास सुनकर हम लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को निकला उस समय महिला और उसके पति को हालत काफी गंभीर थी। वहीं घटना के बाद स्वस्थ केंद पहुंचे तेंदूखेड़ा दयोदय गौशाला अध्यक्ष संजय जैन ने बताया घटना में घायल ओर मृतक लोग जबलपुर के चर्चित हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर जामदार के रिश्तेदार है जो जबलपुर से रहली जा रहे थे किन्तु बीच में यह घटना हो गई। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी आर आर बागरी ने बताया पुलिस घटनास्थल पर पहुचकर जांच में जुटी हुई है।

## 98 लाख के निर्माण कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

ग्राम पंचायत बलैह के सरपंच जुगल पटेल ने अपने पंचायत क्षेत्र के निवासियों के लिए नए साल पर 98 लाख रुपए के निर्माण कार्य का एक बड़ा तोहफा दिया है आज 1 जनवरी 2026 नए वर्ष के आगाज पर स्थानीय विधायक उमा देवी खटीक द्वारा बलैह पंचायत के अंतर्गत आने वाले सिद्ध क्षेत्र सिद्धेश्वर धाम में विधि विधान पूर्वक 98 लाख के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया, प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बलेह के युवा सरपंच जुगल पटेल लंबरदार के प्रयासों से नए वर्ष के पावन पर्व पर



सिद्धक्षेत्र सिद्धेश्वर धाम पर 25 लाख की लागत से एक सामुदायिक भवन एवं सिद्ध क्षेत्र श्री जलखंडेश्वर धाम जलखंडी बाबा के पास नदी किनारे 25 लाख की लागत से एक सामुदायिक भवन एवं ग्राम होसेना में 10 लाख की लागत से नाली निर्माण एवं 13लाख 50 हजार की लागत से एक पुलिया निर्माण सिद्धेश्वर धाम प्रांगण में 25 लाख की लागत से सीसी निर्माण कार्य कुल 98 लाख के निर्माण कार्यों की सौगात ग्राम पंचायत बलैह को प्रदान की गई गौरतलब है कि सिद्धक्षेत्र सिद्धेश्वर धाम एवं सिद्धक्षेत्र जलखंडेश्वर धाम क्षेत्र वासियों के लिए आस्था के केंद्र एवं सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थान है ऐसे पवित्र स्थानो पर सामुदायिक भवन का निर्माण होना निश्चित रूप से आम जनता के लिए एक बहुत बड़ी सौगात एवं क्षेत्र वासियों के लिए एक जन सुविधा प्राप्त होगी ज्ञात हो कि इससे पूर्व सरपंच जुगल लंबरदार द्वारा श्री जलखंडेश्वर धाम शंकर भगवान के पावन चबूतरे तक पहुंचाने के लिए घाट निर्माण भी कराया गया था बरसात के दिनों में जिसका लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होता है भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक उमा देवी खटीक जनपद पंचायत हटा के अध्यक्ष गंगाराम पटेल भाजपा के वरिष्ठ नेता बहादुर पटेल पूर्व जिला सदस्य रणधीर दहिया चंद्रभान पटेल लक्ष्मण तिवारी पूर्व जनपद सदस्य श्याम सुंदर पटेल सरपंच जुगल लंबरदार सचिव गिरजा उपाध्याय मुकेश पटेल युवा नेता पंच एवं उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## फांसी पर झूलता मिला युवक का शव

**मड़ियादो।** बर्धा मार्ग पर कनकपुरा गाँव के नाले के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पेड़ से फांसी की स्थिति में झूलता मिला। घटना की सूचना पर बुधवार सुबह 11:30 बजे मड़ियादो थाना पुलिस मौके पर पँहुची। पास में हादसे की स्थिति में पड़े ऑटो वाहन में अंकित मोबाइल नम्बर के आधार पर म्रतक की शिनाख्त कमलसिंह गौंड निवासी सुरई थाना किशनगढ़ जिला छतरपुर के रूप में की गई है। मड़ियादो थाना पुलिस ने शव पंचनामा कार्यवाही कर प्रकरण जांच में लिया है। म्रतक उक्त ऑटो का चालक बताया गया। जिसकी मौत की बजह और कारण स्पस्ट नही है। स्थानीय लोगो और राहगीरों का मानना है कि ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने के बाद शायद दहशत में चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, मडियादो थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कांग्रेस की जिला समन्वय समिति की बैठक आज

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 2 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने समस्त समन्वय समिति के सदस्यों से आग्रह किया है कि बैठक में पूव मंत्री एवं जिला काग्रेस प्रभारी हर्ष यादव की उपस्थिति रहेगी। अतः समय पर उपस्थित रहकर अपने सुझावो से अवगत कराये।